平成28年度言語研修
ヒンディー語研修テキスト 4

初級ヒンディー語　会話編

Learning Hindi- Hindi Conversation

西　岡　美　樹
Ranjana Narsimhan
編著

東京外国語大学
アジア・アフリカ言語文化研究所

2016

AA

平成28年度言語研修
ヒンディー語研修テキスト 4

初級ヒンディー語　会話編

Learning Hindi- Hindi Conversation

西　岡　美　樹
Ranjana Narsimhan
編著

東京外国語大学
アジア・アフリカ言語文化研究所

2016

はじめに

本テキストは平成28年度東京外国語大学アジア・アフリカ言語文化研究所の語学研修にあたり、日本語を学んできたヒンディー語母語話者の協力を得て作成したものである。会話の内容については、主に日本語母語話者が北インドで暮らす場合を想定している。

このテキストを作成するにあたり、Ms. Gunjan Sharma（本語学研修テキストのシリーズでは文型練習帳を担当）には、ヒンディー語の校正（主に第17-20課）をしていただいた。ここにお礼を申し上げる。

平成28年5月20日
西岡 美樹

目次

१. अपना परिचय

अभिषेक सिंह	:	नमस्ते।
राम शर्मा	:	नमस्ते।
		श्री[1] सिंह, ये तरो ओकादा हैं।
तरो ओकादा	:	नमस्ते (नमस्कार)।
		मैं तरो ओकादा हूँ।
		मैं जापान से हूँ।
		आप से मिल कर मुझे ख़ुशी हुई।
अभिषेक सिंह	:	मैं अभिषेक सिंह हूँ।
		आप से मिल कर मुझे भी ख़ुशी हुई।
तरो ओकादा	:	क्या यह आप का बेटा है?
		जी, नहीं। यह मेरा बेटा नहीं है।
		यह मेरी बहिन का बेटा है। यानी, भानजा है।

[1] 男性に対する尊称の語。英語の Mr.に相当。

（1）　シャルマさん、シンさん、岡田太郎さんの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

२. यह क्या है?

तरो ओकादा	:	यह क्या है?
राम शर्मा	:	यह कलम है।
तरो ओकादा	:	क्या वह भी कलम है?
राम शर्मा	:	नहीं, वह कलम नहीं है।
		वह चाकू है।
तरो ओकादा	:	यह कलम बहुत अच्छी है, न?
		क्या यह आप की है?
राम शर्मा	:	हाँ, यह मेरी है।
तरो ओकादा	:	क्या वह चाकू भी आप का है?
राम शर्मा		जी नहीं।
		वह मेरा नहीं है।
		वह मेरे दोस्त का है।

（1）　ラームと太郎の会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

३. वह कौन है?

तरो ओकादा	:	वह लड़की कौन है?
राम शर्मा	:	वह लड़की गीता है।
		(वह) मेरी छोटी बहन है।
तरो ओकादा	:	गीता के पास में एक कुत्ता है।
		क्या वह आप लोगों का है?
राम शर्मा	:	जी हाँ, वह हमारा है।
तरो ओकादा	:	उस का नाम क्या है?
राम शर्मा	:	उस का नाम लक्की[2] है।

[2] 英語の lucky

（1）　ラームと太郎の会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

४. आप कहाँ के हैं? (कहाँ से हैं?)

ओकादा : जगन्नाथन जी, आप कहाँ के हैं?
जगन्नाथन : वैसे तो मैं तमिलनाडु[3] का हूँ।
लेकिन बचपन से ही दिल्ली में रहा हूँ।
ओकादा : तमिलनाडु में कहाँ के हैं?
जगन्नाथन : तमिलनाडु की राजधानी चेन्नै[4] से हूँ।
उस का पुराना नाम मद्रास[5] था।
ओकादा : तमिलनाडु भारत में कहाँ स्थित है?
जगन्नाथन : तमिलनाडु भारत के दक्षिण की ओर है। कर्नाटक[6] और केरल[7] के साथ में है।
ओकादा : दिल्ली से चेन्नै तक समय लगेगा?
जगन्नाथन : यदि हवाई जहाज़ से जाएँ तो लगभग तीन घंटे लगेंगे।
ओकादा : अच्छा। इतना दूर है।

---

[3] タミルナードゥ州（南インド）
[4] チェンナイ（タミルナードゥ州の州都）。चेन्नई とも書く。
[5] マドラス（現チェンナイ）
[6] カルナータカ州（南インド）
[7] ケララ州（南インド）

（1）　岡田さんとジャガンナータンさんの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

५. भारतियों का एक दिन

ओकादा	:	दीपक जी, आप रोज़ सुबह कितने बजे उठते हैं?
दीपक	:	मैं रोज़ सुबह छः बजे उठता हूँ।
ओकादा	:	सुबह उठकर क्या करते हैं?
दीपक	:	उठने के बाद नहाता हूँ। फिर दंत मंजन[8] करता हूँ और कपड़े बदलता हूँ।
ओकादा	:	नाश्ता कितने बजे करते हैं?
दीपक	:	८ बजे करता हूँ।
ओकादा	:	कॉलेज[9] के लिए कितने बजे घर से निकलते हैं?
दीपक	:	साढ़े ९ बजे। मैं बस से जाता हूँ।
ओकादा	:	बस से कॉलेज तक कितने मिनट लगते हैं?
दीपक	:	तकरीबन २० मिनट।

[8] brushing (ब्रशिंग)「歯磨き」
[9] college「大学」

（1）　岡田さんとディーパクさんの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

६. दशहरे की छुट्टियाँ

दीपक	:	अगले बुधवार से छुट्टियाँ शुरू होंगी।
		ओकादा जी, आप कहाँ जाएँगे?
ओकादा	:	मैं कहीं नहीं जाऊँगा।
		क्या भारत में इस समय छुट्टियाँ होती हैं?
दीपक		जी हाँ। दशहरे[10] की छुट्टी होती है।
ओकादा		अच्छा, छुट्टियाँ कब तक हैं?
दीपक	:	अगले मंगलवार तक।
		एक हफ़्ते की हैं।
		क्यों न दो तीन दिनों के लिए घूमने जाएँ?
ओकादा	:	अच्छा... मैं सोचता हूँ। लेकिन कहाँ जाऊँ?
		क्या आप देखने लायक कोई अच्छी जगह बता सकते हैं?
दीपक	:	आगरा या ऋषिकेश[11] कैसा रहेगा?
		दिल्ली के पास है, इसलिए।
ओकादा	:	अच्छा। ठीक है, मैं देखता हूँ।

[10]ダシャハラー（ヒンドゥー教のお祭りの一つ）
[11] リシケシ（ウッタラカンド州にあるヨガ行者が集まる聖地）

（1） 岡田さんとディーパクさんの会話の内容を理解しましょう。

（2） ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

७. छुट्टी का एक दिन

गीता	:	कल रविवार था। क्या तुम कहीं गई थीं?
यासुको	:	हाँ, कल मैं ख़रीदारी करने गई थी।
गीता	:	तुमने क्या ख़रीदा?
यासुको	:	पहले मैं हिंदी फ़िल्म की डी. वी. डी. ख़रीदने गई। उस के बाद मैंने वापसी में दाल, सब्ज़ी वग़ैरह खरीदी।
गीता	:	अरे[12], वाह[13]! दाल, सब्ज़ी! क्या तुम्हारा भारतीय खाना बनाने का इरादा है?
यासुको	:	(हँसते हुए जवाब दिया।) हाँ, मैंने सोचा कि बनाकर देखती हूँ। अगर अच्छा बने तो तुम्हें भी खिलाऊँगी।
गीता	:	(हँसते हुए) मैं इंतज़ार करूँगी। ज़रूर खिलाना।

[12] 物事に物事に感動したり、驚いたり、また不審に思ったりした時に発する語。感嘆詞。
[13] 物事に物事に感動したり、驚いたりした時に発する語。感嘆詞。

（1）　ギータと泰子の会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

८. सब्ज़ी मंडी में

श्रीमती वर्मा : नमस्ते।

सब्ज़ी वाला : नमस्ते। आइए, मैडम[14]। आप बहुत दिनों के बाद आई हैं।

श्रीमती वर्मा : हाँ, हम बाहर गए हुए थे।

सब्ज़ी वाला : आज आप क्या लेंगी?

श्रीमती वर्मा : मुझे आलू और बैंगन चाहिए। दाम क्या है आलू का?

सब्ज़ी वाला : बीस रुपये किलो।

श्रीमती वर्मा : महँगा है! सही दाम बताओ।

सब्ज़ी वाला : अरे, मैं सही दाम ही बता रहा हूँ! आजकल के अकाल की वजह से सब्ज़ियों की महँगाई बढ़ गई है।

श्रीमती वर्मा : बैंगन का दाम क्या है?

सब्ज़ी वाला : तीस रुपये किलो हैं।

श्रीमती वर्मा : यह भी महँगा है! थोड़ा कम करो।

सब्ज़ी वाला : अच्छा ठीक है... आप के लिए पच्चीस रुपये किलो।

श्रीमती वर्मा : ठीक है, ढाई किलो आलू और आधा किलो बैंगन दे दो।

[14] 大人の女性に向けて使う呼びかけの語

（1）　バルマ夫人と野菜売りの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

९. ऑटो रिक्शा[15] की सवारी - १

ओकादा	:	वर्मा जी, लंच[16] खाने चलें?
सुरेश वर्मा	:	जी, हम कहाँ चलेंगे? कहाँ जाना है, लंच के लिए?
ओकादा	:	मैं कहीं भी जा सकता हूँ। मैं अच्छी तरह नहीं जानता। इसलिए आप मुझे बताएँ कि हम कहाँ चलें?
सुरेश वर्मा	:	क्या कुछ ख़ास खाना चाहते हैं?
ओकादा	:	हू...मुझे उत्तर भारतीय खाना पसंद है।
सुरेश वर्मा	:	क्या आप नॉन-वेज[17] खाते हैं? मार्केट[18] में नॉन-वेज का अच्छा रेस्तराँ है।
ओकादा	:	तो वहाँ चलें।
सुरेश वर्मा	:	आज गर्मी बहुत है। इसलिए ऑटो[19] से चलें?
ओकादा	:	भारत ऑटो रिक्शे से बहुत मशहूर है। मैं अभी तक नहीं बैठा हूँ।
सुरेश वर्मा	:	अरे, वाह! तो फिर आज बैठते हैं।

[15] オートリキシャ（三輪タクシー）
[16] lunch「お昼ご飯」
[17] non-vegetarian「非菜食主義者（肉食系）」を指す。
[18] 通常、常設の店が立ち並ぶ商店街、レストラン街のような所を指す。
[19] オートリキシャの略語

（1）　岡田さんとバルマさんの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

१०. ऑटो रिक्शा की सवारी - २

वर्मा और ओकादा	:	(इधर-उधर देखकर ऑटो को ढूँढ़ते हैं।)
ओकादा	:	अरे, वहाँ एक ऑटो खड़ा है। (पास जाकर)
वर्मा	:	भय्या[20], हमें सफ़्दरजंग[21] जाना है।
रिक्शा 1	:	बैठिए!
वर्मा	:	मीटर[22] से चलोगे?
रिक्शा 1	:	यहाँ से सफ़्दरजंग तक के चालीस रुपये होंगे।
वर्मा	:	ज़्यादा बता रहे हो! पच्चीस रुपये ही लो।
ओकादा	:	कोई बात नहीं है। उधर भी ऑटो खड़ा है। उस से पूछते हैं।
वर्मा	:	भय्या, हमें सफ़्दरजंग जाना है।
रिक्शा 2	:	सफ़्दरजंग मार्केट?
वर्मा	:	हाँ।
रिक्शा 2	:	बैठिए।
वर्मा	:	मीटर से चलोगे क्या?
रिक्शा 2	:	ठीक है।
ओकादा	:	अच्छा है कि जल्दी मिल गया। चलें!

---

[20] 「お兄ちゃん、あんちゃん」のような若い男性に対する呼びかけの語。भाई からの派生語。
[21] デリーにある場所の名前
[22] オートリキシャに付属のタクシーメーター

（1）　岡田さんたちとオートリキシャの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

११. रिक्शे से बातचीत

रंजना	:	रिक्शा[23], विश्वविद्यालय तक चलोगे क्या?
रिक्शेवाला	:	हाँ।
रंजना	:	कितना लोगे?
रिक्शेवाला	:	तीस रुपये।
रंजना	:	तीस रुपये? क्या कह रहे हो? भय्या मैं रोज़ जाती हूँ। मुझे पता है कि बीस रुपये लगते हैं।
रिक्शेवाला	:	अरे, मैडम। इतनी गर्मी है। तीस रुपये तो दे दो। वैसे ही आजकल सवारी कम मिलती है।
रंजना	:	अच्छा, अच्छा, ठीक है। ध्यान से चला, न!

[23] 日本の人力車に相当。

（1）　ランジャナとリキシャの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

१२. चाय बनाने का तरीका

तरो	:	मैंने भारत की चाय के बारे में बहुत सुना है। मैं ज़रूर पीकर देखना चाहता हूँ।
अशोक	:	अरे, वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है! मैं ज़रूर बनाकर दिखाता हूँ।
तरो	:	कैसे बनाते हैं?
अशोक	:	बिल्कुल मुश्किल नहीं है। पहले पानी उबालिए। जब पानी उबलने लगे, तब चाय की पत्ती, इलायची, अदरख, तुलसी डालिए।
तरो	:	फिर?
अशोक	:	उस को एक मिनट उबालिए। और फिर अपनी पसंद के अनुसार दूध डालने के बाद उस को करीब दो मिनट उबालिए। फिर चीनी डालिए।
तरो	:	लेकिन मैं चीनी नहीं लेता।
अशोक	:	अरे, तो कोई बात नहीं। आप चीनी मत डालिए। हम लोग अक्सर चीनी लेते हैं। जिस को चीनी चाहिए, वह बाद में भी डाल सकता है। जब चाय में आप के पसंद का रंग आ जाए, तब आग बंद कर दीजिए।
तरो	:	अरे, यह इतना मुश्किल तो नहीं लग रहा।
अशोक	:	मैंने तो पहले ही कहा था कि मुश्किल नहीं है! चलिए[24], अब पीकर देखिए।
तरो	:	हमारी हरी चाय से बहुत अलग है। वाकई[25] स्वाद अच्छा है।

[24] चलना の命令形 चलिए や चलो は、人を誘ったり、行為を促したりする時に発する語として使用される。

[25] ＝वाक़ये

(1)　太郎とアショークさんの会話の内容を理解しましょう。

(2)　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

१३. तबीयत ख़राब

गीता : क्या बात है? आज तुम्हारी तबीयत कुछ ठीक नहीं लग रही... सब ठीक तो है न?

यासुको : पता नहीं क्यों लेकिन कल रात से बुख़ार सा लग रहा है।
और बदन में दर्द भी है। इसलिए ठीक से सो भी नहीं पाई।...

गीता : यह तो बहुत बुरा हुआ। डॉक्टर के पास गईं क्या?

यासुको : नहीं, अभी नहीं गई। ठीक से पता नहीं किस अस्पताल या डॉक्टर के पास जाऊँ? सोचा था तुम्हें फ़ोन करके पूछूँ, लेकिन तब ही तुम आ गई। बताओ मैं क्या करूँ?

गीता : चलो, मैं तुम्हें डॉक्टर के पास ले चलती हूँ, इसलिए तुम्हें ज़्यादा तकलीफ़ भी नहीं होगी जाने में। असल में आजकल डेंगू[26] भी बहुत फैल रहा है इसलिए डॉक्टर को दिखाना ठीक रहेगा[27]। अगर ऐसा न होता तो बस केमिस्ट[28] तक जाकर दवाई ला सकते थे।

यासुको : क्या यहाँ आम केमिस्ट के पास जाकर ख़ुद ही दवाई ले सकते हैं? जापान में जब तक डॉक्टर से न लिखवाएँ तब तक दवाई लेना मुश्किल है।

गीता : अच्छा! मुझे यह नहीं पता था। खैर[29], यहाँ भी लोग डॉक्टर के पास ही जाते हैं, लेकिन दवाई मिलना जापान से ज़्यादा आसान हो। अच्छ, अब जल्दी चलो, डॉक्टर को दिखाते हैं ताकि पता चले कि तुम्हें क्या हुआ है।

यासुको : हाँ चलो चलें। भगवान न करे कि मुझे डेंगू हो...

गीता : अरे, कुछ नहीं होगा। भगवान सब ठीक करेंगे।

---

[26] デング熱
[27] ここはコピュラの強調形の類での使用。
[28] chemist「薬屋」
[29] 「まあいい」のような自分の気持ちをなだめるための感嘆詞の類。

（1）　ギータと泰子の会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

१४. मेहँदी

यासुको	:	आप अपने बालों में क्या लगवा रही हैं?
रंजना	:	मैं मेहंदी लगवा रही हूँ।
यासुको	:	मेहंदी क्या होता है?
रंजना	:	मेहंदी एक पौधे की पत्ती होती है। पत्तियों को सुखाकर उन का पाउडर बनाया जाता है।
यासुको	:	यह मेहंदी किस के लिए इस्तेमाल होती है?
रंजना	:	मेहंदी हाथ या पाँव में लगाते हैं। ख़ास कर शादी के समय। कुछ लोग बालों में भी लगाते हैं।
यासुको	:	क्यों?
रंजना	:	कहते हैं कि इस से बाल अच्छे हो जाते हैं। कुछ लोग बाल रंगने के लिए भी लगाते हैं।
यासुको	:	क्या सिर्फ़ औरतें ही लगाती हैं?
रंजना	:	नहीं, बालों में तो आदमी भी लगाते हैं।

（1）　泰子とランジャナの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

१५. फ़ोन पर बातचीत (भोजन का न्योता[31])

मेहा : हेलो[32], कामाक्षी?

कामाक्षी : हाँ... आप कौन?

मेहा : अरे, मैं मेहा बोल रही हूँ!

कामाक्षी : मेहा! इतने दिनों बाद! तुम्हें नम्बर कैसे मिला?

मेहा : यह बहुत लंबी कहानी है! (हँसते हुए) कैसी हो तुम?

कामाक्षी : इतने सालों बाद तुम्हारी आवाज़ सुनकर बहुत अच्छा लग रहा है।

मेहा : मुझे भी। इतने सालों बाद कैसे याद आई मेरी? अब तो पाँच साल हो गए जब हमने कॉलेज छोड़ा[33] था!

कामाक्षी : हाँ हाँ, "देर से आए। लेकिन दुरुस्त आए।!"

मेहा : (हँसते हुए) बिल्कुल बिल्कुल।

कामाक्षी : अच्छ, मैं एक दावत रख रही हूँ हमारे बैच[34] की। इस महीने की 10 तारीख़ को। तुम आओगी, न? अब मना मत करना! इतनी मुश्किल से तो तुम्हारा नम्बर मिला। और अब तुम मना करोगी तो मुझे बहुत बुरा लगेगा।

मेहा : अरे अब बोलती ही जाओगी या मेरा जवाब भी सुनोगी?

कामाक्षी : हा हा, हाँ, जल्दी बताओ... जवाब हाँ ही होना चाहिए!

मेहा : अरे, जवाब 'हाँ' ही है! इतना अच्छा मौका है हमारे बैच से मिलने का। मैं भला ऐसा मौका क्यों चूकने दूँगी।

कामाक्षी : तो फिर तय हुआ। 10 तारीख़ को एक बार फिर हम सब मज़े करेंगे!

मेहा : बिल्कुल। फिर मिलते हैं 10 को।

---

[31] 食事への招待
[32] hello「もしもし」
[33] 「大学を出る（離れる）」の意。
[34] batch（日本の「同窓会」の意で使用される）

（1）　大学時代の旧友メーハとカーマークシの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

१६. वाराणसी में बी. एच. यू.[35] जाने का रास्ता (रिक्शावाले से पूछा)

गीता	:	भय्या, ये बी. एच. यू. जाने के लिए कौन-सा रास्ता लें?
रिक्शा	:	क्या आप पैदल जाने की सोच रहे हैं?!
गीता	:	मैंने सुना है कि इतना दूर नहीं है यहाँ से।
यासुको	:	लेकिन मेरे ख़्याल से इतना पास भी नहीं है कि हम पैदल जा सकें। ऐसा मैंने सुना है अपनी जापानी सहेली से।
रिक्शा	:	जी बिल्कुल सही कहा आपने। मैं आप को ले चलता हूँ। लेकिन मैं श्री लंका तक ले जा सकता हूँ।
गीता और यासुको	:	लंका? यह कौन-सी जगह है?!
रिक्शा	:	अरे, दीदी, लंका बी. एच. यू का मुख्य द्वार (में गेट[36]) है। बी. एच. यू. तो बहुत बड़ा है। अंदर तक जाऊँगा तो वापसी की सवारी नहीं मिलेगी। लेकिन आप चिंता न करें। लंका पे[37] और बहुत रिक्शे मिलेंगे।
गीता (यासुको से)	:	क्या कहती हो? चलके[38] देखें क्या?
यासुको (गीता से)	:	छिः[39], चलके देखते हैं।
गीता (रिक्शे से)	:	चलिए भय्या, लंका तक ही ले चलिए। किस रास्ते से जाएँगे।
रिक्शा	:	गदौलिया[40] से बस सीधा-सा रास्ता है। इस सड़क पर सीधे चलते जाएँ। आगे बस एक थोड़ा-सा मोड़ है। वहाँ से हम दाहिने हाथ मुड़ेंगे और सीधे लंका पहुँचेंगे।
गीता	:	ठीक है भय्या, चलिए।

---

35 BHU（Banaras Hindu University）
36 main gate「表門」
37 पर の口語体
38 चलकर の口語体
39 物事がうまく行かなかった時に発する舌打ちの類。
40 バラナシ（旧ベナレス）にある場所の名前

（1）　ギータ、泰子とリキシャの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

१७. दीवाली

ओकादा	:	मैंने सुना कि अगले हफ़्ते दीवाली[41] है। दीवाली कौन-सा त्यौहार होता है?
दीपक	:	दीवाली भारत का सबसे बड़े त्यौहार है जो कार्तिक[42] अमावस्या[43] में मनाया जाता है। हम उस को दीपावली भी कहते हैं। अँधेरी रात में बहुत-से दिये जलाए जाते हैं और धन-संपत्ति की भगवान माँ लक्ष्मी[44] का आगमन होता है।
ओकादा	:	क्या कुछ ख़ास करते हैं?
दीपक	:	जी हाँ, उस दिन खील-बताशे[45] का प्रसाद चढ़ाया जाता है और लक्ष्मी जी का पूजन होता है। नए कपड़े पहने जाते हैं। मिठाइयाँ भी बनाई जाती हैं। घरों और दुकानों की सजावट भी होती है।
ओकादा	:	सुनने में अच्छा लग रहा है। और क्या करते हैं?
दीपक	:	सब से मशहूर यह है कि लोग फुलझड़ी पटाखे जलाते हैं। दीवाली के समय कुछ लोग जुआ खेलते हैं। कुछ लोग इसे बुरा मानते हैं।
ओकादा	:	कौन-सा खेल खेलते हैं?
दीपक	:	ताश खेलते हैं।
ओकादा	:	अच्छा। जापान में भी कुछ लोग शोगत्सु, यानी, नए साल के समय परिवार में ही जुआ खेलते हैं। लेकिन सिर्फ़ मनोरंजन के लिए ही खेला जाता है, ज़्यादा दाँव लगाए बिना।
दीपक	:	अरे, यह तो हमारे जैसा ही है।

[41] ヒンドゥー教のお祭りの一つである燈明祭
[42] カールティク月
[43] 新月
[44] ラクシュミー女神

（1）　岡田さんとディーパクさんの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

१८. डॉक्टर से बातचीत

ओकादा	: नमस्ते, डॉक्टर साहब।
डॉक्टर	: नमस्ते। आइए, बैठिए। कहिए, आप को क्या तकलीफ़ है?
ओकादा	: मुझे कल से पेट में दर्द है। दस्त भी है और आज सुबह से बुख़ार भी है।
डॉक्टर	: अच्छा, पहले आप की नबज़ देखता हूँ। (उस की आँखें और जीभ देखने के बाद) कोई बात नहीं।
ओकादा	: मुझे क्या हुआ?
डॉक्टर	: पेट की तकलीफ़ है। कुछ दवाइयाँ खानी होंगी। मैं अभी लिख देता हूँ। आप इन्हें बाज़ार में दवाई की दुकान से ले लीजिए।
ओकादा	: कौन-सी दवाई कब खानी है?
डॉक्टर	: यह देखिए- यह गोली दिन में तीन बार और यह दूसरी गोली सुबह-शाम खाने के बाद।
ओकादा	: समझ गया। और यह बताइए कि मैं क्या-क्या खा सकता हूँ?
डॉक्टर	: आप को खाने-पीने में सावधान रहना चाहिए। बाहर की खुली[46] चीज़ें नहीं खानी चाहिए। साफ़ पानी पीना चाहिए। और आप को तेल कम खाना चाहिए।
ओकादा	: क्या मैं दही और फल खा सकता हूँ?
डॉक्टर	: हाँ, दोनों खा सकते हैं।
ओकादा	: अच्छा डॉक्टर साहब, बहुत धन्यवाद।

[46] **खुलना** の完了形「開いた」。ここは「外で作られた」の意。

（1）　岡田さんとお医者さんの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

१९. सोच का फ़र्क

दीपक	:	ज़रा यह बताइए, जापानी लोग जो मन में सोचते हैं, वह साफ़ क्यों नहीं बोलते?
ओकादा	:	क्यों? क्या हुआ?
दीपक	:	मैंने कल अपने परिचित से यह बात सुनी। पहले इस शहर में जापानी रेस्तराँ खुला था। शुरू में बहुत-से जापानी वहाँ आते थे। लेकिन करीब एक हफ़्ते बाद जापानियों का आना बंद हो गया।
ओकादा	:	अच्छा, समझ गया।
दीपक	:	समझ गये? मैंने अभी आगे कुछ नहीं कहा और आप इस की वजह समझ गये?
ओकादा	:	लगता है कि वहाँ का खाना ख़राब या असली नहीं था।
दीपक		हाँ, वही कारण था। आप को कैसे पता?
ओकादा		आपने कहा कि उसके बाद जापानियों का आना बंद हुआ। यह ख़बर जापानी समाज में फैल गई होगी कि वहाँ का खाना बहुत ख़राब है।
दीपक		अजीब बात है। अगर भारत में होता तो लोग अपने समाज में नहीं, रसोई-घर में जाकर शिकायत करते या जापानी खाना बनाने का सही तरीका बताते।
ओकादा		अच्छा। जापान में ऐसा नहीं होता।
दीपक		क्यों नहीं?
ओकादा		हम ऐसा सोचते हैं कि रसोइया जो रेस्तराँ ख़ुद खोल सकता है, वह ख़ुद जानकार है और हम सिर्फ़ जापानी हैं, जाने-माने रसोइया नहीं हैं। तो कैसे सिखा सकते या बता सकते हैं? दूसरा यह है कि जापानी रेस्तराँ और भी हैं, तो क्यों हम दिमाग़ लगाकर उसी रसोइये प्रो[47] को ठीक करें?
दीपक	:	हमारे लिए ऐसा सोचना और समझना बहुत मुश्किल है। इस देश में लोगों की यही मान्यता है कि कोई भी ग़लत काम करता है तो उसे तभी ठीक कर दें।

[47] 職人、プロ、専門家

（1）　岡田さんとディーパクさんの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

२०. परिवार

ओकादा	:	दीपक जी, आप के माता-पिता जी कहाँ रहते हैं?
दीपक	:	वे लोग चंडीगढ़[48] में रहते हैं। यहाँ से सत्तर किलो मीटर दूर है।
ओकादा	:	उन के साथ कोई रहता है?
दीपक	:	जी हाँ, मेरे एक बड़े भाई, बड़ी बहन और एक छोटा भाई हैं। अब छोटा भाई उन के साथ रहता है। दादा-दादी भी साथ में रहते हैं।
ओकादा	:	आप के परिवार में बहुत-से लोग हैं। क्या आप का भाई स्कूल में पढ़ता है?
दीपक	:	जी, वह अभी सोलह साल का है। ग्यारहवीं कक्षा[49] में पढ़ता है
ओकादा	:	बड़े भाई और बड़ी बहन क्या करते हैं?
दीपक	:	वे दिल्ली में एक जापानी कंपनी में काम करते हैं। मेरी बहन भी पहले काम करती थी। लेकिन शादी के बाद काम नहीं करती।
ओकादा	:	क्या उन दोनों से कभी कभी मिलते हैं?
दीपक	:	नहीं, जब मैं अपने घर जाता हूँ, तब मेरे भाई से कभी कभी मिलता हूँ। लेकिन मेरी बहन अपने पति के काम के कारण अमेरीका चली गई और वहाँ रहती है। इसलिए हम मुश्किल से मिलते हैं।
ओकादा	:	अच्छा, यह थोड़ी दुखी बात हैं, न।
दीपक	:	नहीं, ऐसा नहीं है। आजकल इंटर्नेट की वजह से आमने सामने देखते हुए आसानी से और मुफ़्त में बात कर सकते हैं! यह तो बहुत अच्छी बात है।

[48] 連邦直轄領の名前。パンジャーブ州とハリヤナ州の州都を兼ねる。
[49] 11 年生

（1）　岡田さんとディーパクさんの会話の内容を理解しましょう。

（2）　ヒンディー語の質問に、ヒンディー語で答えましょう。

編著者紹介

西岡　美樹

2001 年 3 月に大阪外国語大学大学院言語社会研究科言語社会専攻博士後期課程修了（言語文化学博士）。2007 年 4 月に大阪大学外国語学部専任講師、2007 年 10 月より大阪大学世界言語研究センター専任講師。2012 年 4 月より言語文化研究科言語社会専攻専任講師。専門は言語学、ヒンディー語学。本会話編テキスト全体の構成と編集を担当。その他、第 1-3 課および第 17-20 課を担当。第 4-10 課については主に草案作成。

Ranjana Narsimhan

2008 年 3 月に大阪大学大学院言語社会研究科言語社会専攻博士後期課程修了（言語文化学博士）。2009 年 1 月よりデリー大学東アジア研究科助教。専門は日本文学。平成 17 年度の同ヒンディー語学研修の際はネイティブ教師を務め、会話編テキストも手掛ける。本会話編テキストにおける担当は第 11-16 課。第 4-10 課については主に草案への加筆修正。その他ヒンディー語の校正も担当。